# 17 राजस्थान के खनिज संसाधन

1. राज्य में सीमेंट ग्रेड चूना पत्थर का सर्वाधिक उत्पादन किस जिले से होता है?
(1) डूँगरपुर (2) जालौर
(3) चित्तौड़गढ़ (4) कोटा (3)

**व्याख्या–** राजस्थान में सीमेन्ट ग्रेड चूना पत्थर के सर्वाधिक उत्पादन वाले जिले चित्तौड़गढ़, पाली, सिरोही, नागौर व बूँदी हैं।

2. 'विजया' एवं 'भाग्यम' क्या है ?
(1) जैसलमेर के खनिज क्षेत्र
(2) बोथिया (बाड़मेर) के पास खोजे गए तेल भंडार
(3) बाँसवाड़ा क्षेत्र में खोजे गए सोने के भंडार
(4) रॉक फॉस्फेट प्राप्ति स्थल (2)

3. राजस्थान में सर्वाधिक विक्रय मूल्य अर्जित करने वाला खनिज पत्थर कौनसा है ?
(1) संगमरमर (2) घीया पत्थर
(3) इमारती पत्थर (4) स्लेट पत्थर (1)

**व्याख्या–** चूने के पत्थर से ताप एवं गत्यात्मकता के कारण बनी परिवर्तित चट्टान संगमरमर कहलाती हैं। यह कायान्तरित/रूपान्तरित चट्टान है जो चूने के पत्थर से बनता है। चूना पत्थर का परिवर्तित कायान्तरित रूप ही संगमरमर है।

4. 'Mineral Carbon' किसे कहाँ जाता है ?
(1) ग्रेफाइट (2) यूरेनियम
(3) थोरियम (4) हीरा (1)

5. राजस्थान में पाया जाने वाला कोयला कौनसा है ?
(1) एन्थ्रेसाइट (2) लिग्नाइट
(3) बिटुमिनस (4) पीट (2)

6. ऑयल वेल ड्रिलिंग उद्योग निम्न में से किस खनिज का सबसे बड़ा उपभोक्ता है –
(1) वर्मीक्यूलाइट (2) मैग्नेसाइट
(3) पाइराइट्स (4) बेन्टोनाइट (4)

7. रॉक फॉस्फेट प्राप्ति के लिए प्रसिद्ध स्थान कौनसा है?
(1) जावर (2) झामर कोटड़ा
(3) ब्यावर (4) डेगाना (2)

**व्याख्या–** रॉक फास्फेट की झामरकोटड़ा खान उदयपुर जिले में है। झामरकोटड़ा में RSMML का रॉक फास्फेट का परिशोधन संयंत्र स्थापित है।

8. निम्न में से कौन से जिले के नाम से ही वहाँ का प्रसिद्ध पीला पत्थर जाना जाता है?
(1) राजसमंद (2) पाली (3) नागौर (4) जैसलमेर (4)

9. हरसौंठ किसका नाम है ?
(1) जिप्सम (2) एस्बेस्टॉस
(3) टंगस्टन (4) रॉक फॉस्फेट (1)

10. नागौर जिले में डेगाना निम्न के उत्पादन के लिये प्रसिद्ध है
(1) जिप्सम के लिये (2) संगमरमर के लिये
(3) टंगस्टन के लिये (4) चूनापत्थर के लिये (3)

11. हाल ही में राजस्थान के किन जिलों में पोटाश के अकूत भण्डार मिले है–
(1) जालौर, बाड़मेर, सिरोही
(2) कोटा, बूँदी, झालावाड़
(3) जयपुर, दौसा, अलवर
(4) बीकानेर, श्री गंगानगर, हनुमानगढ़ (4)

**व्याख्या–** देश में पहली बार पोटाश के विशाल भण्डार राजस्थान के नागौर–गंगानगर बेसिन (बीकानेर, हनुमानगढ़, गंगानगर व नागौर जिले) में मिले हैं। राजस्थान में मिला ये भण्डार विश्व में सबसे बड़ा पोटाश भण्डार (2400 मिलियन टन) है।

12. निम्न में से धात्विक खनिज नहीं है?
(1) तामड़ा (2) ताँबा
(3) मैंगनीज (4) चाँदी (1)

**व्याख्या–** तामड़ा धात्विक खनिज नहीं है। यह एक पारदर्शी खनिज है, जिसका उपयोग आभूषण बनाने में होता है। तामड़ा को गारनेट भी कहा जाता है। तामड़ा दो प्रकार का होता है– 1. अब्रेसिव वैराइटी 2. जैम वैराइटी। जैम वैराइटी का उत्पादन केवल राजस्थान में ही होता है।

13. निम्नलिखित में से किस खनिज के उत्पादन में राजस्थान का भारत में पहला स्थान है–
(1) लिग्नाइट (2) ताँबा
(3) लौहा (4) सोप स्टोन (4)

14. भीलवाड़ा जिले के आगूंचा–गुलाबपुरा क्षेत्र में कौनसा खनिज प्राप्त होता है–
(1) टंगस्टन (2) अभ्रक
(3) स्लेटी पत्थर (4) चूना पत्थर (2)

15. राज्य में मुख्यत: किस किस्म का लोहा प्राप्त होता है ?
(1) मैग्नेटाइट (2) हैमेटाइट
(3) विलेमाइट (4) लैटेराइट (2)

**व्याख्या–** भारत में लौहे के मुख्यत: 2 अयस्क मिलते हैं– 1. मैग्नेटाइट (70% लौहांश) 2. हेमेटाइट (50–60% लौहांश)
भारत में लौह अयस्क का सर्वाधिक उत्पादन ओडिशा में होता है। लौह अयस्क के उत्पादन में राजस्थान का सातवाँ स्थान है।

16. राज्य में लौह अयस्क उत्पादन के प्रमुख क्षेत्र कौनसे हैं ?
(1) मोरीजा–बानोला, नीमला–राइसेला, डाबला सिंघाना
(2) खो–दरीबा, पुर–बनेड़ा, नीमला–राइसेला
(3) थूर हुण्डेर, रामपुरा–आगूचा, मोरीजा–बानोला
(4) दाँता–भूणास, मांडो की पाल, डाबला सिंघाना (1)

**व्याख्या–** मोरीजा–बानोला (जयपुर), नीमला–राइसेला (दौसा), डाबला सिंघाना (झुंझुनूं)

17. सुमेलित कीजिये –

| खनिज | क्षेत्र |
|---|---|
| A. ताँबा | i. राजपुरा–दरीबा |
| B. जस्ता | ii. खो–दरीबा |
| C. अभ्रक | iii. अगूंचा–गुलाबपुरा |
| D. टंगस्टन | iv. वाल्दा |

| कूट – | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | iii | i |
| (2) | ii | i | iii | iv |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | iii | ii | i | iv |

(2)

18. राजस्थान में सिलिकोसिस नीति कब से लागू की गई है–
(1) 3 अक्टूबर 2020 (2) 3 अक्टूबर 2021
(3) 3 अक्टूबर 2019 (4) 3 अक्टूबर 2018 (3)

**व्याख्या–** खदानों, कारखानों, पत्थर तोड़ने, पत्थर की घिसाई, पत्थर पीस कर पाउडर बनाने, गिट्टी बनाने, सैंड स्टोन से मूर्ति बनाने आदि कार्यों से धूल के सम्पर्क में आने से श्रमिक सिलिकोसिस नामक लाईलाज बीमारी से पीड़ित हो जाता है। इस नीति के तहत सिलिकोसिस से पीड़ित लोगों को वित्तीय मदद के साथ पुनर्वास, बीमारी के रोकथाम व नियंत्रण के उपायों को अपनाया जा रहा है।

19. Rock wool या Mineral Silk किसे कहाँ जाता है ?
(1) फेल्सपार को (2) एस्बेस्टॉस को
(3) कैल्साइट को (4) फ्लोर्सपार को (2)

20. उदयपुर का शिकारबाड़ी, सिलेका, चम्पागुढ़ा क्षेत्र किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?
(1) फेल्सपार (2) फ्लोर्सपार
(3) कोबाल्ट (4) बेरीलियम (4)

21. चीनी मिट्टी की धुलाई का कारखाना कहाँ है ?
(1) धौलपुर (2) बीकानेर
(3) नीम का थाना (4) जैसलमेर (3)

22. भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने राज्य के किन दो जिलों में स्वर्ण भण्डार होने का अनुमान हाल ही में व्यक्त किया है–
(1) बाँसवाड़ा तथा उदयपुर (2) उदयपुर, चितौड़गढ़
(3) उदयपुर तथा सिरोही (4) जालौर, बाड़मेर (1)

23. निम्न में से अधात्विक खनिज नहीं है?
(1) टंगस्टन (2) तामड़ा
(3) पन्ना (4) ग्रेफाइट (1)

**व्याख्या–** टंगस्टन धात्विक खनिज है। यह सामरिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण खनिज है, यह अत्यधिक भारी, कठोर व उच्च गलनांक वाली धातु है, जो विद्युत बल्ब, स्टील को कड़ा करने, चीजों को काटने, पारा संशोधकों के निर्माण, एक्सरे ट्यूब आदि में प्रयोग किया जाता है।

24. खनिज उत्पादन मूल्य की दृष्टि से राजस्थान का भारत में कौनसा स्थान है?
(1) पाँचवाँ (2) तृत्तीय
(3) द्वितीय (4) चतुर्थ (4)

**व्याख्या–** खनिज उत्पादन मूल्य की दृष्टि से प्रथम स्थान ओडिसा (47.2%) तथा द्वितीय स्थान छतीसगढ़ (16.2%), तृतीय स्थान (कर्नाटक 14.3% )राजस्थान (11%) का है।

25. हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड का स्मेल्टर संयंत्र निम्न में से किस स्थान पर स्थापित नहीं है–
(1) दरीबा (2) देबारी
(3) चंदेरिया (4) जावर (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के निम्न स्मेल्टर संयंत्र हैं– 1. देबारी जिंक स्मेल्टर– उदयपुर 1968 में स्थापित
2. चंदेरिया सीसा जस्ता स्मेल्टर– चित्तौड़गढ़ 1991 में स्थापित
3. दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स– राजसमंद, 2010 में स्थापित

26. स्टील ग्रेड चूना पत्थर के लिए प्रसिद्ध जिला है–
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) सिरोही (4) जैसलमेर (4)

27. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा एम.सैंड नीति 2020 का लोकार्पण कब किया गया–
(1) 25 अप्रैल 2021 (2) 25 मार्च 2021
(3) 25 जनवरी 2021 (4) 25 फरवरी 2021 (3)

**व्याख्या–** इस नीति का मुख्य उद्देश्य राजस्थान के माइनिंग क्षेत्रों में निकलने वाले अपशिष्ट की समस्या का समाधान करना है।

28. निम्नलिखित में से किस प्रकार कोयला गुणवता में श्रेष्ठ माना जाता है–
(1) ऐन्थ्रेसाइट (2) पीट
(3) बिटुमिन (4) लिग्नाइट (1)

29. बीकानेर–नागौर बेसिन में ऑयल इण्डिया लिमिटेड द्वारा खोजे गये तेल क्षेत्र को निम्न में से कौन सा नाम दिया गया है–
(1) पूनम (2) मंगला
(3) सीता (4) सुमित्रा (1)

30. कौनसा खनिज उर्वरकों के उत्पादन में काम में लिया जाता है–
(1) बॉलक्ले (2) बेरेलियम
(3) जिप्सम (4) टंगस्टन (3)

31. 'जामसर खान' स्थित है?
(1) बीकानेर (2) झुन्झुनू
(3) जालौर (4) बाड़मेर (1)

32. राज्य में सर्वाधिक ऐस्बेस्टॉस किस जिले में उत्पादित होता है?
(1) राजसमंद (2) डूँगरपुर
(3) बाँसवाड़ा (4) उदयपुर (4)

**व्याख्या–** भारत में ऐस्बेस्टॉस के सर्वाधिक भंडार राजस्थान में है, तथा सर्वाधिक उत्पादन भी राजस्थान से होता है।

33. लिग्नाइट प्राप्ति स्थल 'मातासुख, कसनाउ, इन्दावर' नामक स्थान किस जिले में स्थित है?
(1) जालौर (2) बाड़मेर (3) नागौर (4) उदयपुर (3)

**व्याख्या–** नागौर में मातासुख, कसनाउ, इन्दावर, इग्यार, मोकाला, कुचेरा, मेड़ता रोड़ व मीरा नगर में लिग्नाइट के भंडार हैं।

34. RSMML का पूरा नाम क्या है?
(1) Rajasthan State Mines and mineral Ltd.
(2) Rajasthan state mineral and minesl Ltd.
(3) Rajasthan state mens and mativision Ltd.
(4) Rajasthan stunderd mind. and menes Ltd. (1)

35. 'चंदेरिया सीसा–जस्ता स्मेल्टर' की स्थापना चित्तौड़गढ़ में किस देश की सहायता से की गयी?
(1) ब्रिटेन (2) रूस
(3) अमेरिका (4) स्वीडन (1)

**व्याख्या–** चंदेरिया सीसा–जस्ता स्मेल्टर – (चितौड़गढ़) ब्रिटेन के सहयोग से संचालित है। यह एशिया में सबसे बड़ा जिंक स्मेल्टर कारखाना है।

36. निम्न में से कौन सा राजस्थान का तेल–क्षेत्र नहीं है–
(1) गंगा (2) रागेश्वरी
(3) भाग्यम् (4) कामेश्वरी (1)

37. राजस्थान में सीसा–जस्ता की सबसे बड़ी खान कहाँ है–
(1) डेगाना (नागौर) (2) डगनवाड़ा (जयपुर)
(3) जावर (उदयपुर) (4) बसन्तगढ़ (सिरोही) (3)

38. केयर्न एनर्जी का मुख्यालय है–
(1) इंग्लैण्ड में (2) ऑस्ट्रेलिया में
(3) स्कॉटलैण्ड में (4) अमेरिका में (3)

39. बेन्टोनाइट के सर्वाधिक उत्पादन वाला जिला है–
(1) जोधपुर (2) नागौर
(3) बीकानेर (4) बाड़मेर (4)

**व्याख्या–** भारत में बेन्टोनाइट के सर्वाधिक भंडार राजस्थान में हैं, लेकिन उत्पादन में प्रथम स्थान गुजरात का है। बाड़मेर में हाथी की ढ़ाणी, गिरल, आकली गाँव, थुम्बली गाँव, हरवेच्छा, धूणली, गूंगा, शिव व बिसाला में बेन्टोनाइट के भंडार हैं।

40. निम्न को सुमेलित कीजिये –

| (खनिज) | (प्रथम स्थान वाला जिला) |
|---|---|
| A. स्लेटी पत्थर | i. अलवर |
| B. घीया पत्थर | ii. धौलपुर |
| C. लाल पत्थर | iii. उदयपुर |
| D. गुलाबी ग्रेनाइट | iv. जालौर |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | i | iii | ii | iv |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | i | iii | iv | ii |

(2)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication